हर इंसान-एक समान एक राष्ट्र-एक जान मेरा भारत महान

# समता आन्दोलन समिति (रजि.)

प्रान्तीय कार्यालय :जी-3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9-10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

Website:www.samtaandolan.in Email :samtaandolan@yahoo.in

माननीय श्री पानाचन्द जैन
संरक्षक (पूर्व न्यायाधिपति)

माननीय श्री अशोक कुमार सिंह
संरक्षक (पूर्व मेजर जनरल)

माननीय श्री भागीरथ शर्मा
संरक्षक (पूर्व आई. ए. एस.)

श्री इकराम राजस्थानी
सलाहकार, मो. 098290-78682

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 094133-89665

राम निरंजन गौड़
महासचिव, मो. 094144-08499

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष, मो. 094140-95368

प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :-

जयपुर
योगेन्द्र मेघसर
(मुख्य लेखाधिकारी)
मो. 9166494225

अजमेर
एन. के.झामड़
(अधिशासी अभियन्ता)
मो. 9414008416

बीकानेर
वाई. के. योगी
मो. 9414139621

भरतपुर
हेमराज गोयल
(सेवानिवृत अधिक्षण अभियन्ता)
मो. 9460926850

जोधपुर
प्रहलाद सिंह राठौड़
(पूर्व आर. ए. एस.)
मो. 9414085447

कोटा
दिलीप कुमार शुक्ला
मो. 9414063236

उदयपुर
दूल्हा सिंह चूण्डावत
(कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष- क्षत्रिय महासभा)
मो. 9571875488

जे. एस. राजावत
संरक्षक समता ज्योति (मासिक-पत्र)
मो. 9314962106

क्रमांक 40777-86 दिनांक : 04.05.2018

1. भारतीय जनता पार्टी 2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 3. बहुजन समाज पार्टी
4. कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया 5. कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया(मार्क्सवादी
6. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 7. शिव सेना 8. आम आदमी पार्टी
9. समाजवादी पार्टी 10 इण्डियन नेशनल लोकदल

विषयः– राष्ट्रवादी मुद्दों को शपथपत्र के जरिये मेनिफेस्टो में शामिल करने बाबत ।

महोदया,

विनम्र निवेदन है कि आप यह भली भांति जानते हैं कि राजस्थान राज्य में समता आन्दोलन एक सशक्त राष्ट्रवादी संगठन है, जो देश को जातिवाद, सम्प्रदायवाद, भ्रष्टाचार आदि बुराइयों से मुक्त करवाकर सन्निकट गृह युद्ध से बचाने के लिए प्रयासरत है। राजस्थान राज्य में समता आन्दोलन का संगठन ग्राम पंचायत स्तर तक मजबूत पकड़ बनाये हुए है, हमारे आठ हजार से अधिक कियाशील पदाधिकारी हैं जिनका विवरण हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। पिछले विधानसभा चुनावों में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के जिद्दी, जातिवादी एवं संविधान विरोधी रवैये के कारण समता आन्दोलन ने चुनावों से चार महिने पहले प्रेस कांफ्रेंस करके उन्हें सुधरने की सलाह देते हुए कांग्रेस को धूल चटाने की चेतावनी दी थी। प्रदेश के सभी गुणीजन जानते हैं कि दो सौ सदस्यों में से कांग्रेस को 20 सीटों पर समेट देने में समता आन्दोलन की क्या भूमिका रही थी।

दुर्भाग्य से श्रीमती वसुन्धरा राजे भी श्री अशोक गहलोत की नीति का ही अनुसरण कर रही हैं। समता आन्दोलन इस बार भी यथोचित निर्णय लेकर उसे कियान्वित करने की ओर अग्रसर हो रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सरकार के विरूद्ध जो एन्टी–इनकम्बेंसी मतदाताओं में थी उससे काफी अधिक एंटी–इनकम्बेंसी इस समय की भाजपा सरकार के विरूद्ध प्रदेश के मतदाताओं में व्याप्त है। माननीय श्री नरेन्द्र मोदी एवं श्री अमित शाह द्वारा प्रदेश के हालात को सुधार पाने में दिखाई जा रही लाचारी से प्रदेश का राष्ट्रवादी मतदाता निराश और हताश है, तथा कांग्रेसी नेताओं की बाछें खिली हुई हैं। शायद इस स्थिति का कारण कांग्रेस एवं भाजपा का यह मानना है कि राजस्थान राज्य में तीसरे विकल्प का कोई स्थान नहीं है। समता आन्दोलन द्वारा इस गलत फहमी को दूर करने के लिए गम्भीर प्रयास किये जा रहे हैं।

उपरोक्त सभी राजनैतिक दलों के राष्ट्रवादी नेताओं से यह करबद्ध प्रार्थना है कि आप कृपया अपने प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्षों के हस्ताक्षर से युक्त शपथपत्र जारी करते हुए प्रदेश की जनता को इस बाबत आश्वस्त करें कि आपकी पार्टी के चुने हुए विधायकों द्वारा निम्न राष्ट्रवादी मुद्दों पर परिणाम लाकर प्रदेश की जनता को दिये जावेंगे :–

1. एस.सी./एस.टी. में कीमिलेयर को आरक्षण के लाभ से वंचित किया जावेगा।
2. पदोन्नति में आरक्षण व्यवस्था दिनांक 01.04.1997 से समाप्त करते हुए संशोधित पदोन्नति सूचियाँ जारी की जावेंगी।

( लगातार—— 2 )

**समता आन्दोलन समिति (रजि.)**

प्रान्तीय कार्यालय :जी-3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9-10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

Website:www.samtaandolan.in Email :samtaandolan@yahoo.in

माननीय श्री पानाचन्द जैन — संरक्षक ( पूर्व न्यायाधिपति )
माननीय श्री अशोक कुमार सिंह — संरक्षक ( पूर्व मेजर जनरल )
माननीय श्री भागीरथ शर्मा — संरक्षक ( पूर्व आई. ए. एस. )

श्री इकराम राजस्थानी
सलाहकार, मो. 098290-78682

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 094133-89665

राम निरंजन गौड़
महासचिव , मो. 094144-08499

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष , मो. 094140-95368

प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :-

जयपुर
योगेन्द्र मेघसर
( मुख्य लेखाधिकारी )
मो. 9166494225

अजमेर
एन. के.झामड
( अधिशासी अभियन्ता )
मो. 9414008416

बीकानेर
वाई. के. योगी
मो. 9414139621

भरतपुर
हेमराज गोयल
( सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियन्ता )
मो. 9460926850

जोधपुर
प्रहलाद सिंह राठौड़
( पूर्व आर. ए. एस. )
मो. 9414085447

कोटा
दिलीप कुमार शुक्ला
मो. 9414063236

उदयपुर
दूल्हा सिंह चूण्डावत
( कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष- क्षत्रिय महासभा )
मो. 9571875488

जे. एस. राजावत
संरक्षक समता ज्योति ( मासिक-पत्र )
मो. 9314962106

क्रमांक दिनांक :



3. आरक्षण पीड़ितों को नौकरी से वंचित होने पर संबंधित पद के नियमित वेतन की सौ गुणा मुआवजा राशि दी जावेगी तथा किसी शैक्षणिक पद से वंचित होने पर समान शैक्षणिक पद की शिक्षा समान स्तर के निजी शिक्षण संस्थान से सरकारी खर्चे पर दिलवाई जाकर क्षतिपूर्ति की जावेगी।
4. विधानसभा एवं लोकसभा में एस.सी./एस.टी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए दिया जा रहा अप्रजातांत्रिक सीटों का आरक्षण बंद किया जावेगा तथा मान्यता प्राप्त राजनेतिक दलों को निर्धारित कोटे में एससी/एसटी को टिकटों का आरक्षण देने के लिए बाध्य किया जावेगा।
5. एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम के अधीन बिना जांच किये गिरफ्तारी पर रोक लगवाई जावेगी।
6. समता विधायक सलाहकार परिषद की राष्ट्रवादी एवं विकासवादी सलाह के अनुसार कार्य करेंगे।

उपरोक्त राष्ट्रवादी मुद्दों पर शपथपत्र के जरिये वचनबद्धता की मांग इसलिये की जा रही है कि पिछले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा द्वारा पदोन्नति में आरक्षण बंद करने की घोषणापत्र में अंकित वचनबद्धता को भंग करके प्रदेश के मतदाताओं से विश्वासघात किया गया है।

यदि आप में से कोई भी दल उपरोक्त राष्ट्रवादी मुद्दों को अंगीकार करने में असमर्थ रहते हैं, आगामी दस दिनों के भीतर प्रदेश की जनता से वचनबद्धता प्रकट करने में असमर्थ रहते हैं तथा पूरे भारत देश को वर्ग संघर्ष की ओर बढ़ने से रोकने में असमर्थ रहते हैं तो समता आन्दोलन द्वारा राष्ट्रहित में निश्चित ही सुविचारित निर्णय लेकर यथोचित कार्यवाही की जावेगी।

सादर,

भवदीय,

( पाराशर नारायण )
अध्यक्ष

प्रतिलिपिः–

सभी लोकसभा/राज्यसभा सांसदों को प्रेषित कर अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त राष्ट्रीय मुद्दों को अंगीकार कर अपने राष्ट्रवादी नेतृत्व का परिचय देकर अनुग्रहित करें।

( पाराशर नारायण )
अध्यक्ष